दिन– बुधवार                                                        दिनांक– 09 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                        अवधि – 05 मिनट

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में पच्चीस आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर छह प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष में लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। आज मुम्बई में आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि छह सदस्यों की मौद्रिक समिति ने इस वित्त वर्ष की पहली बैठक में सर्व–सम्मति से रेपो दर कम करने का फैसला किया। रेपो दर में कमी से होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन पर ब्याज दरें कम होने की संभावना है। इससे ईएमआई में कमी आ सकती है। इसके अलावा रेपो रेट में कमी होने से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का अनुमान है।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा है कि संशोधित वक्फ कानून से मुट्ठीभर लोगों की भावनाएं आहत हुयी हैं और वे दूसरे लोगों को भी गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। आज पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह कानून वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन से जुड़ा है और इससे संस्था और मजबूत हुयी है। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में श्री ठाकुर ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों की मूल्य वृद्धि एक सामान्य प्रक्रिया है।

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने पटना में गंगा नदी के किनारे हो रहे अतिक्रमण को लेकर केंद्र सरकार और बिहार सरकार को जवाब तलब किया है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने इस संबंध में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाना आवश्यक है।

———————————————————————

भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर पच्चीस अप्रैल कर दी है। पहले अंतिम तिथि दस अप्रैल निर्धारित थी।

———————————————————————

बेगूसराय, मधुबनी और दरभंगा जिले में वज्रपात की घटना में नौ लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य घायल हो गए। हमारे संवाददाता ने बताया कि बेगूसराय जिले के बलिया, भगवानपुर, मटिहानी और साहेबपुर कमाल इलाकों में पांच लोगों की मौत की खबर है। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। वहीं, मधुबनी जिले के रूद्रपुर थाना के अलपुरा और अररिया संग्राम थाना क्षेत्र के पिपरौलिया गांव में वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। दूसरी तरफ, दरभंगा जिले के बिरौल थाना क्षेत्र के लदहो कटैया गांव में बिजली गिरने से एक बुर्जुग की मौत हो गयी। इधर, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तरी हिस्सों के अधिकांश स्थानों पर देर रात से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्सों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवा चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————

सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के जहरी पकड़ी गांव में सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भी आक्रोशित लोगों ने पथराव कर दिया। घटना स्थल पर तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।

गया जिले के छकरबंधा थाना क्षेत्र से एसटीएफ की टीम ने कुख्यात नक्सली परीक्षा भुईयां को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली की कई मामले में पुलिस को तलाश थी।

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र अंतर्गत सनहा नया टोला स्थित एक बागीचा से पुलिस ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी पिस्तौल, दो कारतूस और तीन मोबाईल फोन समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।